FH 3. (illegible)

# मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ।

पत्रांक : 602/09 - मानचित्र/अनु0आ0-4 दिनांक : 16.7.2018

सेवा में,

मैसर्स असंल हाउसिंग एण्ड कन्स0लि0
द्वारा श्री राजेन्द्र शर्मा
निवासी–15 यू0जी0 एफ, इन्द्र प्रकाश बिल्डिंग,
21, बारह खम्भा रोड, नई दिल्ली–110001

विषयः–मानचित्र संख्याः 602/09 का पूर्णता प्रमाण–पत्र (पार्ट) की औपचारिकता पूर्ण करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया आपके द्वारा ग्राम मुकर्रबपुर पल्हैडा के खसरा संख्या 20 व 21 व ग्राम जटौली परगना दौराला, तहसील सरधना, जिला मेरठ के खसरा संख्या 1562 से 1579 तथा 1583 से 1589 के कुल क्षेत्रफल 72170 वर्ग मी0 पर ग्रुप हाउसिंग मानचित्र संख्या 602/09 के पूर्णता प्रमाण पत्र (पार्ट) की स्वीकृति उपाध्यक्ष महोदय द्वारा दिनांकः 16.07.2018 को निम्न औपचारिकताऐं पूर्ण करने की शर्त के साथ प्रदान की गयी हैः–

1. शमन शुल्क रू0–18,937.00, निरीक्षण शुल्क रू0–18,937.00 एवं लेबर सेस रू0–83,323.00 अर्थात् कुल धनराशि रू0–**1,21,197.00** प्राधिकरण कोष में जमा करना होगा।
2. नगर निगम को हस्तान्तरण का दायित्व आवेदक का होगा। नगर निगम को हस्तान्तरण तक अनुरक्षण आवेदक द्वारा किया जायेगा। इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।
3. अवशेष ब्लॉकों का निर्माण एवं विकास कार्य पूर्ण होने के उपरान्त सम्पूर्ण योजना का सम्पूर्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा। इस आशय का एक शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।
4. स्वीकृति के समय दी गयी समस्त शर्तो का अनुपालन करना होगा। इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।
5. स्वीकृति के समय दिये गये शपथ पत्रों का अनुपालन करना होगा।
6. मैसर्स असंल हाउसिंग एण्ड कन्स0 लि0 द्वारा प्रस्तावित स्थल पर 5 एम0एल0डी0 क्षमता के सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट के संचालन व रख–रखाव का व्यय दस वर्षो तक अथवा कालोनियो के नगर निगम को हस्तान्तरित होने तक सम्बन्धित कालोनियों के विकासकर्ता/कालोनियों के निवासियों द्वारा अनुरक्षण शुल्क के रूप में प्राधिकरण कोष में जमा करना होगा। इस आशय का एक शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।
7. प्राधिकरण द्वारा भविषय में कोई बढा हुआ विकास शुल्क या अन्य शुल्क की मांग की जाती है तो आवेदक को शुल्क प्राधिकरण कोष में जमा कराना होगा।

अतः उपरोक्त औपचारिकताऐं पत्र प्राप्ति के 15 दिनों के अन्दर पूर्ण करने का कष्ट करें। तदनुसार स्वीकृत पूर्णता प्रमाण पत्र (पार्ट) निर्गत करने की कार्यवाही की जायेगी।

16/7/18

प्रभारी मानचित्र
मेरठ विकास प्राधिकरण,
मेरठ।